एक नजर में

जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश चयन परीक्षा 13 को

बैतूल। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं की प्रवेश चयन परीक्षा 13 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक बैतूल जिले के सभी 10 ब्लॉकों के 26 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय प्रभातपटटन के प्राचार्य ने बताया कि बिना प्रवेश पत्र के किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थी को अपना प्रवेश पत्र व मूल पहचान पत्र परीक्षा केन्द्र में साथ में लाना अनिवार्य है। परीक्षार्थियों को अपने परीक्षा केन्द्र पर प्रातः 10.30 बजे तक पहुंचाना होगा। प्रवेश पत्र के साथ नीले या काले रंग के बाल पेन के अलावा किसी अन्य सामग्री को परीक्षा केन्द्र में ले जाने अनुमति नहीं होगी।

शासकीय भूमि पर लग रहे निजी ट्रांसफार्मर पर लगाई जाए रोक

मुलताई। नगर सीमा से सटे ग्राम कामथ में बहने वाले मोंग्या नाले की भूमि पर अतिक्रमण का प्रकरण उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, अब अतिक्रमण कर्ता द्वारा नाले की शासकीय भूमि पर बिजली कंपनी से निजी ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है. जिस पर ग्राम के जनपद सदस्य, पंचो सहित ग्रामीणों ने रोक लगाने की मांग को लेकर मंगलवार को जन सुनवाई में एसडीएम राजीव कहार से शिकायत की है। ग्राम कामथ की जनपद सदस्य अंजना डोंगरदिए, पंच भीम शंकर साहू,विकास, रवि साहू,संतोष डोंगरदिए सहित ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत में बताया मो. जाफर पिता मो. हारून नुवासी पटेल वार्ड मुलताई द्वारा ग्राम कामथ में मोंग्या नाला की शासकीय भूमि के भीतर निजी विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। नाले के मध्य ट्रांसफार्मर लगाने से मोंग्या नाले के पानी का बहाव अवरूद्ध होगा। पानी के अत्यधिक बहाव में ट्रांसफार्मर बह जाएगा। पूर्व में भी नाले पर अतिक्रमण का प्रकरण जन याचिका हाईकोर्ट जबलपुर में चल रहा में है। व्यवहार न्यायालय मुलताई में भी शासकीय मोंग्या नाला भूमि पर अतिक्रमण का प्रकरण चल रहा है। शासकीय मोंग्या नाला भूमि पर पूर्ण रूप से स्थाई कब्जा करने की नियत से कार्य किया जा रहा है। आवेदन में विद्युत ट्रांसफार्मर का स्थान परिर्वतन किए जाने की मांग की है।

सड़क निर्माण में अनियमितता उजागर

पाथाखेड़ा। नगर पालिका परिषद सारनी के वार्ड क्रमांक 23 में सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थल निरीक्षण में सीमेंट की कमी स्पष्ट रूप से देखी गई, वहीं सूत्रों के अनुसार निर्माण में मिट्टी-नुमा रेत का उपयोग किया जा रहा है। रेत व गिट्टी की अनिवार्य परीक्षण रिपोर्ट के बिना कार्य जारी रहने से इंजीनियर और ठेकेदार की मिलीभगत की आशंका गहरा गई है। निर्माण स्थल पर गिट्टी को ठीक से दबाए जाने के बजाय मजदूरों को हाथ से धम्मश करते देखा गया, जबकि मानक के अनुसार रोलर का उपयोग आवश्यक है। सीमेंट की ग्रेड टेस्टिंग और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांच किए बिना सड़क निर्माण करना नियमों का खुला उल्लंघन है। विशेषज्ञों के अनुसार ऐसी स्थिति में सड़क एक-दो वर्षों में ही उखड़ सकती है और इसका आर्थिक भार फिर सरकारी स्टिमेट पर जनता को ही उठाना पड़ेगा।

पवन चक्कियां से इलेक्ट्रिकल केबिल एवं सामान चोरी का खुलासा

नवभारत न्यूज

बैतूल, 9 दिसंबर. ग्राम खामला की पवन चक्कियां से इलेक्ट्रिकल केबिल एवं समान की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने पवन चक्कियों में लगी इलेक्ट्रॉनिक कैबिल एवं समान कीमत 5,20,000 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त वाहन बिना नंबर एसयूव्ही 300 कीमत 4,20,000 रूपये को जब्त कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 7 दिसंबर को कस्बा गश्त के दौरान सूचना मिली कि ग्राम खामला में स्थित पवन चक्कियों में से इलेक्ट्रॉनिक केबिल एवं समान की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली है। सूचना पर उपनिरीक्षक आशीष कुमरे ने सुपरवाईजर रमेश पिता उदयराज सनबारे (31) निवासी ग्राम खामला से पूछताछ की, जिन्होंने बताया कि ग्राम खामला स्थित पवन चक्कियों से ताला तोड़ कर इलेक्ट्रॉनिक केबिल एवं समान चोरी कर ले गए है। मौके पर धारा 303(2), 3(5) बीएनएस का कायम कर उपनिरीक्षक आशीष कमरे द्वारा घटना स्थल के आसपास पूछताछ की, तो पता चला कि थोड़े समय पहले घटना स्थल के पास एक काले रंग की बिना नंबर प्लेट की महिंद्रा एसयूव्ही 300 गाड़ी थी, जिसमें आगे जिला अध्यक्ष श्री राष्ट्रीय गुर्जर स्वाभिमान मध्यप्रदेश लिखा है एवं पीछे गोल घेरे में गुर्जर लिखा है, जो बार-बार घटना स्थल के आस पास आ जा रही थी।

तीन टीमों का गठन कर की तलाश : पुलिस ने थाने का अतिरिक्त बल बुलाकर अलग-अलग तीन टीमों द्वारा उक्त वाहन

की तलाश की गई। काले रंग की एसयूव्ही 300 कौड़ियां जोड़ पर मिली, जिसे घेराबंदी कर रोका। जिसमें चालक संजय गुर्जर, बाजू में लाखन गुर्जर बैठा था। गाड़ी की तलाशी लेने पर पीछे की सीट एवं डिग्गी में इलेक्ट्रॉनिक कैबिल एवं इलेक्ट्रॉनिक समान रखा मिला। जिसकी पहचान मौके पर उपस्थित फरियादी एवं मैनेजर से कराई गई। पवन चक्की से चोरी गया सामान की पुष्टि हुई समान के संबंध में दोनों आरोपियों का पृथक पृथक मेमोरेंडम लेख किया। आरोपियों ने बताया कि अन्य साथीगण के साथ चोरी करने के लिए पवन चक्की खामला आना बताया।

अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी

आरोपियों ने बताया कि अन्य साथीगण अमन गुर्जर (जिला अध्यक्ष श्री राष्ट्रीय गुर्जर स्वाभिमान मध्यप्रदेश), बीरबल गुर्जर, बलराम गुर्जर के साथ चोरी करने के लिए पवन चक्की खामला आना बताया। चोरी करने के उपरांत पवन चक्की के गार्डो को पता लगने के बाद से अन्य तीनों अमन गुर्जर, बीरबल गुर्जर, बलराम गुर्जरतीनों निवासी समसखेड़ी जिला देवास की तलाश जारी है। ज्ञात हुआ है कि आरोपीगण द्वारा अन्य जिलों में भी चोरी की वारदात की है। फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। इस कार्वाही में निरीक्षक राजेश सातनकर, उनि. आशीष कुमरे, सहायक उपनिरीक्षक महेश कुमार, आर. मनोज, आर. सोनू, आर. तनवीर, आर. नरेंद्र आर. नारायण की सराहनीय भूमिका रही।

गबन के आरोपी को पुलिस ने किया इंदौर से गिरफ्तार

बैतूल। जनपद पंचायत भीमपुर एवं चिचोली में हुये 13 करोड के गबन के मामले के आरोपी को पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 19 मार्च 2025 को फरियादी इंदिरा मेहतो जिला समन्वयक अधिकारी जिला बैतूल द्वारा एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जनपद पंचायत कार्यालय भीमपुर एवं जनपद पंचायत चिचोली में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कुल 13 करोड 21 लाख 71 हजार 220 रुपये की राशि का गबन के संबंध में एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया आवेदन पर प्रथम दृष्टया अपराध धारा 420,409,120 (बी) भादवि 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का पाया जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में प्रकरण के तीन आरोपियो की गिरफ्तारी पूर्व में की जा चुकी थी। विवेचना में ज्ञात हुआ कि गबन की कुल राशि में 2 करोड़ 63 लाख रुपए लगभग की राशि शॉपिंग भंडार नामक फर्म जो कि आरोपी युमेंद्र उर्फ दीपक पिता स्व. काशीराम रहांगडाले निवासी इंदौर चला रहा था के खाते में आना पाया गया था।

बालिका का अपहरण करने वाले आरोपी पर 30 हजार का इनाम

मुलताई। थाना क्षेत्र एक ग्राम से रविवार की शाम ग्राम खडका महाराष्ट्र के एक शातिर आरोपी द्वारा एक 6 वर्षीय बालिका का रविवार की शाम प्रलोभन देकर अपहरण कर लिया था। बालिका एवं आरोपी को 10 पुलिस टीम द्वारा सर्च किया जा रहा था।

पहली बार पुलिस ने ड्रोन सर्चिंग कराई। महाराष्ट्र की तिवसा पुलिस को इसमें सफलता मिली,पुलिस टीम को बालिका ग्राम तिवसा में एक गुमटी पर मिली, तिवसा पुलिस ने बालिका को मुलताई पुलिस को सौपा।टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया बालिका सुरक्षित है, जिसे दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं आरोपी की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। टीआई परिहार ने बताया आरोपी अनिल कुशराम पर आईजी द्वारा 30 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।उक्त अभियान में एसडीओपी मुलताई एस के सिंह, थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार, थाना प्रभारी आमला मुकेश ठाकुर, थाना प्रभारी आठनेर विजय सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी बोरदेही राधेश्याम बट्टी, मासोद चौकी प्रभारी आरएस राजपूत तथा अन्य थानो के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सर्च अभियान में लगाया गया था। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार पतारसी में जुटी है।

दुष्कर्म के आरोपी पर केस दर्ज : थाना क्षेत्र में बीते करीब एक साल से शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस द्वारा दुष्कर्म सहित एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया दुष्कर्म पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की आजाद वार्ड मुलताई निवासी आरोपी सोमिल पिता रईस शेख द्वारा बीते 1 नवम्बर 2024 से आज तक शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म किया।

लंबे इंतजार के बाद हुआ संजीवनी क्लीनिक शुरू

मुलताई। नगर में मंगलवार को एक लम्बे इंतजार के बाद इंदिरा गांधी वार्ड में नवनिर्मित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक का लोकार्पण विधायक चंद्रशेखर देशमुख, पूर्व विधायक डॉ पंजाबराव बोड़खे, नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गढेकर, सभापति डॉ जीए बारस्कर, महेंद्र पिल्लू जैन, अजय यादव, रितेश विश्वकर्मा,शिल्पा शर्मा कुसुम पवार एवं पार्षद नीतू परमार, सुरेश पौनीकर द्वारा फीता काटकर किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कहा संजीवनी क्लिनिक मुख्यमंत्री का सपना था। पहले शहर में एक ही

सरकारी अस्पताल होता था, जहां ज्यादा भीड़ रहती थी। मरीजों को सुलभता से उपचार मिला सके इसलिए संजीवनी क्लिनिको का निर्माण कराया गया। जिससे शहर में 3-4 वार्डो सहित ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। वहीं नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा गढेकर ने कहा यह मुख्यमंत्री का सपना है। संजीवनी क्लिनिक के निर्माण में हम लेट हो गए है। डॉक्टर की व्यवस्था तो स्वास्थ्य वुभाग करेगा, लेकिन यहां की साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्था हमें देखना होगा। कार्यक्रम में भाजपा नेता सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने जिले में चायना डोर पर लगाया प्रतिबंध

बैतूल। मकर संक्रांति पर्व को लेकर जिले में चायना डोर के बढ़ते खतरे को देखते हुए कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सम्पूर्ण बैतूल जिले में नायलॉन, चायना डोर के निर्माण, खरीद -फरोख्त, उपयोग और भंडारण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163(1) के तहत जारी हुआ है। जारी आदेश के अनुसार जिले में हर साल पतंगबाजी के दौरान चायना डोर से राहगीरों, बाइक सवारों, बच्चों, पशुओं और पक्षियों को गंभीर रूप से घायल होने की कई घटनाएं सामने आती रही हैं। तेज और खतरनाक मटेरियल वाली यह डोर गले, हाथ और चेहरे तक को काट देने में सक्षम होती है, जिससे जनहानि और कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका रहती है। शहरवासियों और पुलिस अधीक्षक द्वारा दी गई सलाह के बाद प्रशासन ने तुरंत प्रभावी रोक लगाने का निर्णय लिया है। जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति चायना डोर का निर्माण, बिक्री, खरीद या उपयोग नहीं करेगा। पतंगबाजी के लिए केवल ऐसी डोर का उपयोग किया जा सकेगा, जिससे किसी भी व्यक्ति या पशुपक्षियों को नुकसान न पहुंचे। प्रतिबंध का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत दंडनीय अपराध होगा।

नपा जनता से कर रही जबरन वसूली : विक्की सिंह

सारनी। भाजपा शासित नगर पालिका जलावर्धन कनेक्शन के नाम जबरन वसुली कर रही है. जनता से पानी सप्लाई की आड़ में कमाना चाहती है उपरोक्त उदगार ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष विवेकानंद सिंह उर्फ विक्की सिंह ने पत्रकार वार्ता मे व्यक्त किए है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने नल कनेक्शन शुल्क 4000 निर्धारित किए जाने के विरोध में क्रमिक भूख हड़ताल के बाद नपा का घेराव कर मंशा जाहिर कर दी है। कांग्रेस पार्टी का तर्क है कि नपा को मात्र 650 रूपये जनता से लेना चाहिए जो वाजिब है. श्री सिंह ने कहा कि जनहितपूर्ण मांग को लेकर कांग्रेस

पार्टी ने शांतिपूर्ण आंदोलन किया. इस आंदोलन में मातृशक्ति, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और वार्डवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी आवाज़ प्रशासन तक पहुँचाई। कार्यवाहक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विवेकानंद (विक्की) सिंह ने कहा कि सारनी की जनता पहले से ही रोज़गार और काम-काज के अभाव से जूझ रही है। ऐसी स्थिति में ?4000 की राशि एक बहुत बड़ा आर्थिक बोझ है। जब तक यह राशि माफ नहीं होती संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि यह आंदोलन किसी दल या व्यक्ति का नहीं, बल्कि नगर की आम जनता और उनके अधिकारों की लड़ाई है और जिस तरह जनता एकजुट होकर सड़कों पर उतरी वह लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। पिछले 8 दिनों से क्रमिक भूख हड़ताल में शामिल सभी साथियों के प्रति आभार, जिन्होंने संघर्ष को मजबूती दी और जनता की आवाज़ को बुलंद किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पार्षद जन, युवाओं, मातृशक्ति ने इस लड़ाई को समर्थन दिया।

सतपुड़ा ताप विद्युत गृह में नई ऊर्जा के लिए स्वीकृति मिली

पाथाखेड़ा। सारनी सतपुड़ा ताप विद्युत गृह के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। प्रदेश की कैबिनेट द्वारा दी गई महत्वपूर्ण स्वीकृति के बाद 660 मेगावाट क्षमता की सुपर क्रिटिकल यूनिट क्रमांक 12 की स्थापना के लिए भेल के साथ बहुप्रतीक्षित अनुबंध संपन्न हो गया। यह परियोजना न सिर्फ क्षेत्र की बिजली उत्पादन क्षमता को बढ़ाएगी, बल्कि रोजगार, विकास और बुनियादी ढाँचे में नई ऊर्जा का संचार भी करेगी। इस बड़े अनुबंध के बाद सतपुड़ा ताप विद्युत गृह एक बार फिर मध्यप्रदेश के ऊर्जा मानचित्र पर एक सशक्त केंद्र के रूप में उभरने की ओर अग्रसर है। आधुनिक तकनीक से सुसज्जित नई सुपर क्रिटिकल इकाई कम ईंधन में अधिक बिजली उत्पादन करने में सक्षम होगी, जिससे पर्यावरणीय दबाव भी कम होगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस परियोजना को सारनी और आसपास के क्षेत्रों के लिए विकास का नया दौर बताते हुए कहा कि इससे युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे तथा नगर की अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव आएगा।ऊर्जा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि क्ा।श्वरुके साथ हुआ यह अनुबंध तकनीकी दृष्टि से अत्यंत मजबूत है और आने वाले वर्षों में बिजली आवश्यकताओं को स्थिरता प्रदान करेगा।

आम आदमी पार्टी चला रही हस्ताक्षर अभियान

सारनी। आम आदमी पार्टी ने चार हजार वापसी को लेकर हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है. इस अभियान को भारी जन समर्थन मिल रहा है। जल आवर्धन योजना नल कनेक्शन राशि माफ़ करो का सातवां जन संवाद एवं हस्ताक्षर अभियान वार्ड 22 में किया है। आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान के तहत सारनी नगर पालिका का अति ज्वलंत विषय 4000 रु नल कनेक्शन राशि और 150 रु प्रति माह लिए जाने की बीजेपी सरकार के जन विरोधी प्रस्ताव के विरोध में लगातार 3 नवंबर से निरंतर वार्डो में वार्डवासियों के बीच जाकर जन

संवाद हस्ताक्षर अभियान कर रही है। इस कार्यक्रम को ब्लॉक सारनी के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रमेश भूमरकर एवं प्रदेश कोर कमेटी सदस्य अजय सोनी द्वारा वार्डवासियों से इस राशि की वसूली के जन विरोधी प्रस्ताव का लगातार विरोध दर्ज कराया जा रहा है। कोर कमेटी प्रदेश सदस्य अजय सोनी ने वार्ड 22 सुभाष नगर पाथाखेड़ा मे जन संवाद कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद सारनी के पूर्व और वर्तमान जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों की प्रस्ताव पारित किया। नगर सरकार के जन विरोधी 4000 रु नल कनेक्शन राशि और 150 रु प्रतिमाह राशि के खिलाफ आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम 36 वार्डो में किया जाएगा. कनेक्शन राशि के प्रस्ताव निरस्त होने और 150 रु प्रति माह राशि में संशोधन करने के उपरांत ही रुकेगा। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

जल संचयन अभियान में ग्राम बाकुड़ में बोरी बंधान कार्य सम्पन्न

पाथाखेड़ा। घोड़ाडोंगरी ब्लॉक क्षेत्र में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता और सहभागिता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद घोड़ाडोंगरी द्वारा संचालित जल संचयन अभियान 2025 के तहत सारनी सेक्टर के ग्राम बाकुड़ में नदी पर बोरी बंधान गतिविधि सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर के नेतृत्व में प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर संचालित हो रहा है।बैतूल जिले में इस महत्वपूर्ण अभियान को जिला समन्वयक प्रिया चौधरी के

मार्गदर्शन में सभी विकासखंडों में प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। बोरी बंधान का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल को रोककर भूजल स्तर में बढ़ोतरी करना, जल संचयन को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते जल संकट को कम करना है।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समाजसेवी दिनेश मर्सकोले (ग्राम बाकुड़), पेसा एक्ट के ब्लॉक समन्वयक छोटू उइके, नवांकुर संस्था-जन स्वास्थ्य रक्षा समिति, सारनी सेक्टर से रूपचंद यादव, सागर झारे, परामर्शदाता विजय महतो,संगीता उघड़े, यशोमती भोरवंशी,जतिन प्रजापति सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस सामुदायिक प्रयास में ग्राम के मुकेश मर्सकोले, सनी मर्सकोले, जगत भगत, रुपसा भगत, रामसिंह मर्सकोले, गुड्डन कूमरे, गोलू मर्सकोले सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर श्रमदान किया। इसके साथ ही बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम के सामाजिक कार्यकर्ता, शासकीय महाविद्यालय सारनी के ह्रस्स्वयंसेवक, तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, ग्राम बाकुड़ के सदस्यों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

जनसुनवाई कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

अनुग्रह सहायता देने में लापरवाह पंचायत सचिव की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

बैतूल। बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं गंभीरता पूर्वक सुनीं।

इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में चिचोली तहसील के ग्राम आलमगढ़ निवासी भागीरथी इवने ने अनुग्रह सहायता राशि नहीं मिलने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर सुनवाई कर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जनपद सीईओ चिचोली को आवेदक की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि अनुग्रह सहायता देने में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित

ग्राम पंचायत सचिव की वेतन वृद्धि भी रोकी जाएं। साथ ही उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता पूर्वक किए जाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 154 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में आठनेर तहसील के ग्राम बालनेर निवासी मालती लोखंडे ने आवेदन के माध्यम से बताया कि उनके पति की पुलिया में गिरने से मृत्यु हो गई थी। लेकिन उन्हें अब तक आर्थिक सहायता की राशि प्राप्त नहीं हुई हैं। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने नाराजगी जाहिर करते हुए तहसीलदार आठनेर को त्वरित आर्थिक सहायता के प्रकरण का समाधान करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि भविष्य में आर्थिक सहायता के प्रकरण लंबित न रहे यह सुनिश्चित किया जाएं। बैतूल निवासी सतीश मिश्रेकर ने आवेदन के माध्यम से बताया कि पीएम स्वनिधि योजना की राशि पोर्टल पर प्रदर्शित होने के बावजूद बैंक द्वारा राशि प्रदान नहीं की गई है। जिस पर कलेक्टर ने बैंक एलडीएम को प्रकरण की जांच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। टेमनी निवासी सोनू चढोकार ने रजिस्ट्री नामांतरण नहीं किए जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने आठनेर तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

अवैध अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम रानीपुर निवासी सुभाष धानेकर ने आवेदन के माध्यम से घर के सामने हुए अवैध अतिक्रमण की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को जांच कर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। प्रभात पट्टन तहसील के ग्राम चिचखेड़ा निवासी बोदरया ने अनावेदक द्वारा बाडी पर किए अवैध कब्जे को हटाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने प्रभात पट्टन तहसीलदार को प्रकरण का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए।

कार्यालय नगरपालिका परिषद् मुलताई जिला बैतूल (म.प्र.)

क्र./ई टेण्डरिंग/लो.नि.शा./2025/1037 मुलताई दिनांक 08.12.2025

//निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय)//

निविदा क्र	कार्य का नाम एवं विवरण	अनुमानित लागत (लाख रु0 में)	अमानत राशि	निविदा फार्म का शुल्क	श्रेणी	समयावधि
1	2	3	4	5	6	7
1	समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत शा.उ.मा.वि. कन्या. मुलताई में 04 अतिरिक्त कक्ष शेष निर्माण कार्य। (स्लेब बीम, स्लेब प्लास्टर, फ्लोरिंग, खिडकी, दरवाजे, विद्युत, एवं अन्य कार्य)	11.05 Lacs /-	8287/-	2000/-	Registered Contractors of MPPWD	12 months with out rainy season

नोट :-

1. इच्छुक एवं पात्र निविदादाता विस्तृत निविदा एवं अन्य समस्त जानकारी https://www.mptenders.gov.in पर देख सकते हैं।

2. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 09/12/2025 समय सुबह 10.30 बजे से दिनांक 23/12/2025 समय सांय 5.30 बजे तक वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते है तथा ऑनलाईन दर प्रस्तुत की जा सकती है।

3. निविदा में किये जाने वाले संभावित संशोधन की सूचना समाचार पत्रो में प्रकाशित नही की जायेंगी, निविदा से संबंधित संशोधन वेबसाइट पर ऑनलाईन देखे जा सकते है।

(श्रीमती वर्षा दिनेश गढ़ेकर)	(श्री शिवकुमार माहोरे)	(श्रीमती कुसुम मारोती पंवार)	(श्री वीरेन्द्र तिवारी)
अध्यक्ष	उपाध्यक्ष	सभापति, लोक निर्माण, एवं	मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद मुलताई	नगरपालिका परिषद मुलताई	आवास पर्यावरण, नपा मुलताई	नगरपालिका परिषद मुलताई